M/s. SHANTA SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure



सिर्फ 2 रू.

ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# दैनिक धनुषधारी

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी

वर्ष-32, अंक 245, उल्हासनगर, बुधवार 17 सितंबर 2025 ( पृष्ठ 6 )

Mob. No. 9325937797

E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com

Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,

dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com







## बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया इंजीनियर्स डे





उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर के पास कांबा में स्थित बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार 15 सितम्बर को इंजीनियर्स डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सपने देखने वाले, निर्माण करने वाले और नवाचार लाने वाले उन इंजीनियरों को सम्मानित किया गया, जो दुनिया को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशेष अतिथि वक्ता प्रोफेसर निखिल सिंह और संजय कुमार झा की उपस्थिति रही जिनका स्वागत स्कूल की उप प्राचार्या हीर उदासी द्वारा किया गया। दोनों ने अपने ज्ञानवर्धक संबोधन, रोचक प्रस्तुतियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी बातों ने बच्चों में जिज्ञासा, उत्साह और प्रेरणा जगाई तथा उन्हें रचनात्मक सोचने और विज्ञान व प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनिया को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि इंजीनियरिंग केवल मशीनों और ढांचों तक सीमित नहीं है, बल्कि समस्याओं का समाधान खोजने और एक बेहतर भविष्य गढ़ने का माध्यम है। यह उत्सव विद्यालय की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा, जिसमें विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और जिज्ञासा की भावना को विकसित करने पर बल दिया जाता है।

## कल्याण-डोंबिवली मनपा की तलवारबाजी प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न




कल्याण(प्रे.वि)। खेल एवं युवा सेवा, महाराष्ट्र राज्य, पुणे और कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका द्वारा 14 सितंबर को मनपा प्रशासक/आयुक्त अभिनव गोयल के मार्गदर्शन में श्री वाणी विद्याशाला खड़कपाड़ा, कल्याण में तलवारबाजी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मनपा के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के उपायुक्त संजय जाधव ने किया। तलवारबाजी प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 आयु वर्ग के कुल 100 से 150 लड़के-लड़कियों ने भाग लिया। मनपा द्वारा तलवारबाजी प्रतियोगिता तीन श्रेणियों, ईपी, फॉयल और सेबर में इलेक्ट्रॉनिक ऑपरेटरों के माध्यम से आयोजित की गई। सभी विजेता प्रतियोगियों को पदक प्रदान किए गए। साथ ही, अंपायर, हेल्पर और खेल प्रमुख को मानदेय भी दिया गया।

खेल शिक्षकों और प्रतियोगियों ने इलेक्ट्रॉनिक ऑपरेटरों द्वारा प्रतियोगिता के संचालन पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के क्रीड़ा पर्यवेक्षक प्रवीण कांबले, क्रीड़ा प्रमुख गजानन वाघ, मुख्य रेफरी मंदार कुलकर्णी, डॉ. विजय सिंह, चिंतामन पाटिल, भूषण जाधव, गणेश मोरे, संतोष पाटिल के साथ ही सहभागी स्कूलों के खेल शिक्षक तथा शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीएचएम कॉलेज में छात्रों की समस्या का समाधान, एसवीवाईवीएस मुंबई बनी सहारा




उल्हासनगर (नि.स.)। मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध सीएचएम कॉलेज में छात्रों की उपस्थिति को लेकर सामने आई परेशानी का समाधान किया गया। स्वामी विवेकानंद युवा विकास संस्था (एसवीवाईवीएस) मुंबई के अध्यक्ष अभिषेक राठौड़ और मनीष यादव के प्रयासों से यह मुद्दा सुलझ सका।

बताया गया है कि कुछ छात्रों को कक्षा में उपस्थित रहने और असाइनमेंट जमा करने के बावजूद अनुपस्थित दिखा दिया गया था। इस पर अभिषेक राठौड़ ने छात्रों के साथ कॉलेज प्रशासन से चर्चा की। प्रशासन और परीक्षा समिति के साथ हुई बातचीत के बाद छात्रों की उपस्थिति की व्यक्तिगत जाँच की गई और आवश्यक सुधार किया गया। अभिषेक राठौड़ ने कहा कि संस्था हमेशा छात्रों के हित में काम करती रहेगी और किसी भी समस्या पर उनके साथ खड़ी रहेगी।

### सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र सरकार को निर्देश

# 31 जनवरी 2026 तक पूरे करें स्थानीय निकाय चुनाव

मुंबई (नि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को राज्य के स्थानीय निकायों, यानी नगर निगम, नगर पालिका, जिला परिषद और नगर पंचायत के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के लिए अब और समय दे दिया है। इसके अनुसार, राज्य सरकार को अब 31 जनवरी 2026 से पहले स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने चार महीने के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था। हालाँकि, यह अवधि अब समाप्त हो जाने के बावजूद, कोई भी स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हुआ है। इस संबंध में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। उस समय, अदालत ने राज्य सरकार से चुनाव प्रक्रिया में देरी का कारण पूछा। राज्य सरकार द्वारा अपना पक्ष रखने पर, अदालत ने अब राज्य सरकार को स्थानीय निकाय चुनावों के लिए 31 जनवरी 2026 तक का समय दे दिया है। इसलिए, अब 31 जनवरी तक राज्य चुनाव आयोग को सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं, जिला परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव कराने होंगे और उनके परिणाम घोषित करने होंगे। इस फैसले से मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, पुणे, नासिक, नागपुर समेत अन्य लंबित नगर निगमों और नगर पालिकाओं के चुनावों का रास्ता साफ हो गया है।

आपको बता दें कि इससे पहले मई महीने में सुप्रीम कोर्ट ने अगले चार महीनों में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का अहम आदेश दिया था। चूंकि यह अवधि अब समाप्त हो रही है, इसलिए राज्य सरकार ने फिर से समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि हमारे द्वारा दिए गए चार महीनों के भीतर चुनाव क्यों नहीं कराए गए। साथ ही, अब आपको सितंबर से दिसंबर तक की अवधि की आवश्यकता क्यों है? अपना पक्ष रखते हुए राज्य सरकार ने कर्मचारियों की कमी और त्योहारों का हवाला दिया। राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि नवंबर में हमें ईवीएम मशीनें उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, वर्तमान में प्रभाग गठन का काम चल रहा है। चूंकि यह प्रक्रिया लंबी है, इसलिए इसे पूरा होने में समय लग रहा है। राज्य चुनाव आयोग ने मांग की थी कि हमें विस्तार दिया जाए। इसलिए राज्य चुनाव आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव कराने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार ने समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए अब 31 जनवरी, 2026 की नई समय-सीमा तय की। इसके अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि यह काम तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

## प्रहार जनशक्ति पार्टी ने दिव्यांगों की मांगों को लेकर दिया धरना

अंबरनाथ (नि.स.)। प्रहार जनशक्ति पार्टी ने अंबरनाथ के तहसील कार्यालय में प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ मंगलवार को अंबरनाथ स्थित तहसील कार्यालय के सामने धरना दिया। पिछले 14 वर्षों से बंद लिफ्ट शुरू करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और लंबित कार्यों को तुरंत निपटाने जैसी विभिन्न मांगों को लेकर यह धरना दिया गया। इस धरना में बड़ी संख्या में दिव्यांग, आदिवासी और आम नागरिक शामिल हुए। पिछले 14 वर्षों से तहसील कार्यालय में लिफ्ट बंद होने के कारण दिव्यांगों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




इस धरना प्रदर्शन में यह बात सामने आई कि कार्यालय में कार्यरत एक दिव्यांग कर्मचारी को भी हर दिन तीन मंजिल पैदल चढ़ना पड़ता है। आय प्रमाण पत्र जैसे कई काम छह महीने से लंबित हैं और नागरिकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। तहसीलदार की अनुपस्थिति और काम में देरी ने नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हाल ही में आदिवासी समाज के एक शख्स के साथ दुर्व्यवहार का एक वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन के प्रति गुस्सा बढ़ गया है। इस विरोध प्रदर्शन में प्रहार जनशक्ति पार्टी के ठाणे ज़िला अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल और अंबरनाथ शहर अध्यक्ष आलम खान समेत कई पदाधिकारी और नागरिक मौजूद थे। उन्होंने कार्यालय को दलाल मुक्त बनाने, लंबित कार्यों को निपटाने और भ्रष्टाचार रोकने जैसी माँगें रखीं। अंत में, तहसीलदार अमित पुरी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की और माफ़ी मांगी। उन्होंने लंबित कार्यों को तेज़ी से पूरा करने, दिव्यांगों के लिए भूतल पर एक विशेष खिड़की खोलने का वादा किया। इसी तरह, उन्होंने प्रदर्शनकारियों को अगले दो-तीन महीनों में लिफ्ट का काम पूरा करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया।

## उल्हासनगर भाजपा मंडल 2 की कार्यकारिणी घोषित




उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर भाजपा जिला कार्यालय में मंडल क्रमांक 2 की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी पदाधिकारियों को ज़िला अध्यक्ष राजेश वधरिया ने नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा को मज़बूत करने तथा संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ज़िला महासचिव विनोद गोवानी, अर्चना कर्णकाले ,लकी नाथानी, पूर्व ज़िला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, महेश सुखरमानी, जिला उपाध्यक्ष होम नारायण वर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष लिलादर भौसार, एससी मोर्चा अध्यक्ष विशाल खंडारे, मंडल अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, अरविंद मिश्रा एवं हरेश भाटिया उपस्थित रहे।






## आचल पैलेस डांस बार में बार बालाएं कर रही थी अश्लील डांस, पुलिस ने मारा छापा

### मैनेजर, ग्राहक और बार बालाओं समेत 23 लोग धराए

उल्हासनगर (नि.स.)। वर्षों से उल्हासनगर शहर डांस बार को लेकर बदनाम है। शहर में 8 से 10 डांस बार बताए जा रहे हैं जो राज्य सरकार के प्रतिबंध के बावजूद आर्केस्ट्रा बार के नाम पर खुलेआम सुबह तक अश्लीलता परोस रहे हैं। आश्चर्य की बात ये है कि दो दिन पूर्व श्रीराम चौक परिसर में विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने 100 डेज नाम के डांस बार पर छापा मारा था और एप्पल बार के खिलाफ नियम के विरुद्ध बार चलाने का मामला दर्ज किया था इसके बावजूद विठ्ठलवाड़ी स्टेशन के पास वर्षों से चल रहे होटल आचल पैलेस डांस बार में खुलेआम बार बालाओं द्वारा अश्लील नृत्य जारी था. इसकी सूचना मिलने पर सोमवार देर रात मध्यवर्ती पुलिस ने वहां छापा मारा।

बार के अंदर तेज आवाज़ में संगीत, शराब और कम कपड़े में बार बालाओं का अश्लील डांस चल रहा था। बार बालाएँ बार के अंदर अश्लील नृत्य कर रही थीं और ग्राहक उनपर नोट उड़ा रहे थे। तत्काल पुलिस ने बार में मौजूद मैनेजर, ग्राहक और बार बाला समेत कुल 23 लोगों को धर दबोचा. छापेमारी के दौरान पुलिस ने वहां से नकदी तथा अन्य सामान जब्त किया है। जिन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है उनमें बार संचालक निधि शेट्टी, मैनेजर रविकान्त दिनेश प्रसाद तिवारी समेत वेटर, बार बालाएं, ग्राहक ऐसे 23 लोगों का समावेश है।

## हाल ही में बनी खस्ताहाल सड़कों के निर्माण की जांच करेगा मनपा प्रशासन

पनवेल (नि.सं.)। पनवेल शहर में हाल ही में बनायी गयी डामर की सड़क पर पहली बारिश के तुरंत बाद दिखाई देने वाले गड्ढों को लेकर मीडिया में काफी चर्चा हुई. नागरिकों की तीखी प्रतिक्रिया को गंभीरता से लेते हुए पनवेल मनपा आयुक्त मंगेश चितले ने मनपा क्षेत्र के सभी चार वार्डों में नियुक्त ठेकेदार कंपनियों द्वारा किए गए सड़क मरम्मत के कार्यों की जाँच के लिए एक विशेष समिति नियुक्त की है. यह समिति एक महीने के भीतर अतिरिक्त आयुक्त की अध्यक्षता में जाँच करेगी और अपनी रिपोर्ट आयुक्त को सौंपेगी। दिलचस्प बात यह है कि मनपा ने जिन चार ठेकेदार कंपनियों को नोटिस जारी किया है, उनमें विधायकों के परिवारों के स्वामित्व वाली टीआईपीएल और भाजपा पदाधिकारी जे.एम. म्हात्रे की कंपनी भी शामिल है! जिसको लेकर शहर में इस बात की चर्चा है कि एन चुनाव से पूर्व मनपा आयुक्त ने अपने नोटिस हथियार से ठेकेदारों को निशाना बनाकर राजनीति गर्मा दी है।

आयुक्त ने इस संबंध में चारों ठेकेदार कंपनियों को नोटिस जारी कर नागरिकों की शिकायतों का हवाला देते हुए उन्हें मानसून सीजन समाप्त होते ही संबंधित सड़कों पर काम फिर से शुरू करने के आदेश दिए हैं. साथ ही इन ठेकेदारों द्वारा सड़कों पर डामरीकरण करते समय उपयोग की जाने वाली डामर कंपनी को लेकर कई स्तरों से रोष व्यक्त किया गया है, इसलिए आयुक्त ने नोटिस में यह शर्त रखी है कि सड़कों पर डामरीकरण सरकार द्वारा अधिकृत भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन कंपनियों से खरीदे गए डामर से ही किया जाएगा. इसके अलावा यह भी निर्देश दिया गया है कि मनपा इस कार्य के लिए कोई अतिरिक्त खर्च नहीं करेगी. और यदि इस काम में लापरवाही बरती जाती है तो मनपा प्रशासन निविदा में अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करेगा।

## नगर परिषद से अंतिम संस्कार हेतु मुफ़्त लकड़ी उपलब्ध कराने की मांग



अंबरनाथ (नि.स.)। अंबरनाथ नगर परिषद के क्षेत्र में स्थित श्मशान घाटों में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की ऊँची कीमत से नागरिक नाखुश हैं। इसके मद्देनजर शिवसेना के पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके ने नगर परिषद के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ से मुलाकात की और एक लिखित निवेदन के माध्यम से अंतिम संस्कार के लिए मुफ़्त लकड़ी की मांग की। इस निवेदन में, सालुंके ने कहा कि वर्तमान में श्मशान घाट चलाने वाला ठेकेदार (मेसर्स पीएसएल वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड) प्रत्येक दाह संस्कार के लिए 3,000 रुपये लेता है। कुल लागत पर गौर करें तो एक अंतिम संस्कार में 7,000 से 8,000 रुपये का खर्च आता है।

यह लागत आम नागरिक के लिए बहुत अधिक है, और लोगों में यह भावना पैदा हो गई है कि 'मृत्यु सस्ती नहीं है।' अन्य नगर पालिकाओं और महानगर पालिकाओं में भी अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी मुफ़्त उपलब्ध कराई जाती है, इसका भी उल्लेख उन्होंने अपने निवेदन में किया है। इसलिए, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि अंबरनाथ नगर परिषद ठेकेदार को यह खर्च दे। स्थानीय विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने भी श्मशान घाट के निरीक्षण दौरे के दौरान इस संबंध में सुझाव दिए हैं। बहरहाल सालुंके ने मांग की है कि ठेकेदार को दाह संस्कार के लिए आवश्यक लकड़ियाँ नि:शुल्क उपलब्ध कराने का आदेश दिया जाए और इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

संपादकीय

# अब यूरोप के जरिए दबाने की चाल

भारी टैरिफ आयद कर भारत को झुकाने में नाकाम रहा अमेरिका अब यूरोपीय देशो के जरिए भारत को दबाने की फिराक में है। यूरोपीय देश इसे कितना मानते हैं, यह देखने की बात है। अमेरिका की कोशिश है कि भारत की गर्दन दबोचने के लिए यूरोपियन यूनियन को साथ लिया जाए और भारत की मुश्किलें बढ़ाई जाएं। अमेरिका की इन कोशिशों को वहां के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के बयान के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। जिसमें स्कॉट ने कहा है कि रूस से तेल ख़रीदने वाले देशों के खिलाफ़ और सख्ती की की जरूरत है। बेसेंट ने कहा कि अगर ईयू भी रूस से तेल ख़रीदने वाले देशों के ख़िलाफ़ अतिरिक्त पाबंदी लगाता है तो रूस की अर्थव्यवस्था तबाह हो जाएगी। उन्होंने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लीयेन से रूस के ख़िलाफ़ और दबाव बनाने पर काफ़ी महत्वपूर्ण बात की है। गौरतलब है कि रूस से तेल ख़रीदने वालों में भारत भी अहम देश है और अमेरिका ने इसी का हवाला देकर अतिरिक्त 25 फ़ीसदी टैरिफ़ लगाया है। यानी भारत पर अमेरिका पहले ही कुल 50 फ़ीसदी टैरिफ़ लगा चुका है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका रूस पर और दबाव बनाने के लिए तैयार है लेकिन यूरोप के देशों को भी साथ आना चाहिए। अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा कि यूक्रेन की सेना कितने दिनों तक डटी रहती है और रूस की अर्थव्यवस्था कितने दिनों तक टिकी रहती है के बीच रेस है। अगर अमेरिका और ईयू साथ आते हैं तो रूस से तेल ख़रीदने वाले देशों के ख़िलाफ़ पाबंदी और सख़्त की जा सकती हैं और अतिरिक्त टैरिफ़ भी लगाया जा सकता है। इससे रूसी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो जाएगी और राष्ट्रपति पुतिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत की टेबल पर आने के लिए मजबूर होंगे। उधर पिछले हफ्ते शुक्रवार को यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा ने कहा था कि यूरोपियन यूनियन वॉशिंगटन में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है, जो रूस के ख़िलाफ़ और कड़े प्रतिबंधों पर बात करेगा। ईयू अमेरिका और अन्य साझेदारों के साथ रूस के ख़िलाफ़ सख़्त प्रतिबंध को लेकर बात कर रहा है। इसके पहले ट्रंप ने भी कहा था कि भारत जितनी मात्रा में रूस से तेल ख़रीद रहा है, उससे वह बहुत निराश हैं। ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी भारत को लगातार निशाने पर ले रहे हैं। इनमें अमेरिका के वित्त मंत्री, वाणिज्य मंत्री से लेकर ट्रंप के ट्रेड सलाहकार तक शामिल हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका का टैरिफ़ बेवजह और अनुचित है। रूस से तेल आयात का बचाव करते हुए कहा है कि यह उसके हित में है। भारत ने यह भी कहा है कि रूस से एलएनजी ख़रीद में अब भी ईयू पहले नंबर पर है। एक तथ्य यह भी है कि चीन भारत की तुलना में रूस से ज़्यादा तेल ख़रीद रहा है लेकिन ट्रंप ने चीन पर भारत जितना टैरिफ़ नहीं लगाया है। अब सवाल यह है कि भारत के खिलाफ यूरोप के इस्तेमाल की ट्रंप की कोशिशों का हम पर क्या असर पडेगा? यदि यूरोपीय देश ट्रंप के भारत विरोध में शामिल हो गए तो इससे भारत का तो नुकसान होगा, उससे भी ज्यादा यूरोपीय देशों का होगा। वो पहले अमेरिका एहसान तले दबे हैं। ट्रंप उन्हें ब्लैकमेल कर सकते हैं। भारत की मुश्किलें ज्यादा इसलिए बढ़ेंगीं, क्योंकि भारत अमेरिका के साथ व्यापार में होने वाले नुकसान की कुछ भरपाई यूरोपीय देशों के साथ कारोबार बढ़ाकर करने की कोशिश में हैं। उधर यूरोपीय देशों को भी झटका लगना तय है।

**संपादक, टीकम लालवानी**

राजनीति का अर्थ केवल सत्ता प्राप्ति या कुर्सी की होड़ नहीं है, बल्कि वह समाज की सेवा और जनकल्याण का सबसे बड़ा माध्यम है। लोकतंत्र में राजनीति को वह साधन माना गया है जिसके द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए, समाज में समानता, शांति और सौहार्द स्थापित किया जाए तथा विकास की राह प्रशस्त हो। किंतु आज जब हम चारों ओर दृष्टि डालते हैं तो राजनीति की यह आदर्श छवि कहीं धूमिल सी प्रतीत होती है। जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों पर अपराधों के गंभीर आरोप न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को चोट पहुँचाते हैं, बल्कि जनता के विश्वास को भी डिगा देते हैं। यही कारण है कि आज सियासी शुचिता यानी राजनीतिक पवित्रता का प्रश्न हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ा है।

# अपराध और राजनीति के बीच खोती नैतिकता

**नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'**



आदर्श जननेता वही होता है जो ईमानदार, जिम्मेदार और जनहितैषी हो। उसकी निष्ठा केवल सत्ता या दल के प्रति नहीं, बल्कि जनता के प्रति होती है। वह जनता के दुख-दर्द को समझे और उनके समाधान को प्राथमिकता दे। किंतु आज की राजनीति में यह आदर्श बहुत पीछे छूट गया है। सत्ता की राजनीति में अक्सर धनबल और बाहुबल का प्रयोग होता है, और परिणामस्वरूप ऐसे लोग भी विधायिका तक पहुँच जाते हैं जिनका दामन अपराधों से दागदार होता है। भारत चुनाव आयोग और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्टें इस स्थिति की गवाही देती हैं। एक हालिया अध्ययन में सामने आया कि देशभर में विभिन्न राज्यों की सरकारों में करीब आधे मंत्री ऐसे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, अपहरण, दंगे और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर मामले भी शामिल हैं।

यह स्थिति किसी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए बेहद चिंताजनक है। लोकतंत्र का मूल आधार जनता का विश्वास है और यदि वही डगमगाने लगे तो व्यवस्था की जड़ें खोखली होने लगती हैं। जनता अपने प्रतिनिधियों से आदर्श आचरण की अपेक्षा करती है, लेकिन जब वही प्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े हो जाते हैं। लोकतंत्र केवल कानून से नहीं चलता, उसकी आत्मा नैतिकता और शुचिता में बसती है। यदि राजनीति से नैतिकता ही विलुप्त हो जाए तो लोकतंत्र एक खोखला ढांचा बनकर रह जाएगा।

अब प्रश्न यह है कि यह स्थिति उत्पन्न क्यों होती है। एक कारण तो यह है कि राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में उम्मीदवारों के चरित्र और पृष्ठभूमि की अनदेखी कर देते हैं। उन्हें केवल जीतने की संभावना दिखती है, चाहे वह व्यक्ति अपराधों में संलिप्त क्यों न हो। परिणामस्वरूप, ऐसे लोग राजनीति में प्रवेश पा जाते हैं और धीरे-धीरे राजनीति का अपराधीकरण गहराता चला जाता है। दूसरा कारण यह है कि कानून और न्याय की प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। वर्षों तक मुकदमे अदालतों में लंबित रहते हैं और आरोपी बेधड़क राजनीति करते रहते हैं। चुनाव आयोग और न्यायपालिका के पास अधिकार तो हैं, किंतु उनकी सीमाएँ भी स्पष्ट हैं। जब तक राजनीतिक दल स्वयं अपने स्तर पर शुचिता की गारंटी नहीं देते, तब तक इस समस्या का समाधान कठिन है।

इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के अनेक निर्णय उल्लेखनीय हैं। अदालत ने बार-बार कहा है कि राजनीतिक दल उन उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी जनता को दें और उम्मीदवार भी स्वयं इसे सार्वजनिक करें। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदाता यह जान सकें कि जिस व्यक्ति को वे चुनने जा रहे हैं, उसका अतीत कैसा है। किंतु व्यवहार में अक्सर इन निर्देशों की अनदेखी की जाती है। पार्टियाँ औपचारिक घोषणा तो कर देती हैं, लेकिन उम्मीदवारों को टिकट देते समय अपराधी छवि पर ध्यान नहीं देतीं। इसका अर्थ यही है कि नैतिक जिम्मेदारी से बचा जा रहा है। सवाल यह भी है कि जनता की भूमिका इसमें क्या होनी चाहिए। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक है। यदि मतदाता अपराधियों को वोट देना बंद कर दें तो राजनीतिक दल स्वयं ऐसे लोगों को टिकट देने से बचेंगे। किंतु दुर्भाग्यवश अक्सर जातीय समीकरण, धार्मिक ध्रुवीकरण और तात्कालिक लाभ के आधार पर लोग मतदान करते हैं और उम्मीदवार के चरित्र की अनदेखी कर देते हैं। यह प्रवृत्ति भी राजनीति के अपराधीकरण को बढ़ावा देती है। अतः केवल राजनीतिक दलों पर ही नहीं, बल्कि जनता पर भी यह जिम्मेदारी है कि वे सजग होकर मतदान करें और केवल उन उम्मीदवारों को चुनें जो ईमानदार, निष्ठावान और जनहितैषी हों।

सियासी शुचिता केवल कानूनी सवाल नहीं है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक सवाल भी है। जब तक राजनीति नैतिकता से ओत-प्रोत नहीं होगी, तब तक लोकतंत्र का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। जनता और सरकार के बीच विश्वास का रिश्ता तभी मजबूत होगा जब नेता अपने आचरण से पारदर्शिता और ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान की धाराओं पर नहीं, बल्कि शासकों के नैतिक आचरण पर भी निर्भर करती है। यहाँ यह भी स्मरणीय है कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि यह समाज का दर्पण है। यदि राजनीति में अपराधीकरण होगा तो समाज का चरित्र भी उससे प्रभावित होगा। राजनीति समाज को दिशा देती है, और यदि दिशा ही दूषित हो जाए तो सामाजिक जीवन में भी भ्रष्टाचार और अराजकता बढ़ेगी। इसीलिए राजनीति की शुचिता को सुनिश्चित करना केवल एक वर्ग की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की आवश्यकता है।

अब आवश्यकता इस बात की है कि राजनीति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। सबसे पहले, राजनीतिक दलों को बाध्य किया जाना चाहिए कि वे किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में फँसे व्यक्ति को टिकट न दें। चुनाव आयोग को कठोर रुख अपनाते हुए ऐसे उम्मीदवारों को चुनाव मैदान से बाहर करना चाहिए। साथ ही, न्यायपालिका को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक मामलों से जुड़े मुकदमे त्वरित गति से निपटाए जाएँ। यदि दोष सिद्ध हो तो तत्काल अयोग्यता घोषित हो और दोषी व्यक्ति को राजनीति से दूर रखा जाए। इसके साथ ही, जनता को जागरूक करना सबसे बड़ा कार्य है। शिक्षा और जनचेतना के माध्यम से ही मतदाता समझ पाएगा कि सच्चे नेता का चयन करना क्यों आवश्यक है।

जब तक राजनीति में ईमानदारी और पारदर्शिता नहीं आएगी, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा। आज हमें यह स्वीकार करना होगा कि राजनीति सेवा का माध्यम है, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्ध करने का साधन। जिस दिन जनप्रतिनिधि इसे हृदय से मान लेंगे, उस दिन से राजनीति का स्वरूप बदल जाएगा। जनता का विश्वास पुनः स्थापित होगा और लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। सियासी शुचिता की मांग केवल एक आदर्श की बातें नहीं हैं, बल्कि यह हमारी लोकतांत्रिक जीवन-रेखा है। हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो अपनी नीतियों और निर्णयों से नहीं, बल्कि अपने आचरण और चरित्र से जनता के दिलों को जीतें। जब राजनीति से अपराध और भ्रष्टाचार का अंधकार हटेगा तभी राष्ट्र विकास और प्रगति की ओर अग्रसर होगा। लोकतंत्र का असली सौंदर्य तभी खिलेगा जब सत्ता के गलियारों में ईमानदारी और नैतिकता की सुगंध फैलेगी। यही सच्चे अर्थों में सियासी शुचिता है, और यही हमारे भविष्य का मार्गदर्शन कर सकती है।

## हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ नहीं बदलती



एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। कभी-कभी दोनों को दो अलग-अलग शिकार भी मिल जाते थे।


बहुत दिन से उनका यही क्रम चल रहा था। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक साँप मिला और दूसरे को एक चूहा।

अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे और एक-दूसरे की शिकार कथा सुनने के लिए एक डाल पर पास-पास बैठ गए। दोनों ने अभी तुरंत ही झपट्टा मार कर अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। पेड़ पर बैठकर बाजों ने जब उनकी पकड़ ढीली की तो सांप ने चूहे की ओर देखा और चूहे ने सांप को।

सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। यह दृश्य देखकर एक बाज गंभीर हो गया और विचारमग्न सा दिखने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए?

पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएँ और वृत्तियाँ ही बदलती हैं।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5677



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. चौथे ओलंपिक खेलों को 31 अक्टूबर को यहां समापन हुआ (3)
3. इस देश के प्रधानमंत्री महाथिर मुहम्मद का 31 अक्टूबर 2003 को 22 वर्ष लंबे शासन का अंत हुआ (4)
6. बात, वचन, शब्द (2)
7. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
8. डांटना, घुडकना (4)
9. ईश्वर, देवता, भगवान, प्रभु (2)
11. दक्ष प्रजापति की पुत्री जो कामदेव का ब्याही थी (2)
12. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला, बहिरभिमुखी (5)
15. कस्तूरी, पाशबंधन, कस्तूरिका (2)
17. मध्यप्रदेश का एक अंचल (2)
18. स्वतंत्र, आजाद, बरी (2)
19. धूल, धूलिपुंज, गुबार, वातकेतु (2)
21. नालायक बेटा, असत्पुत्र, कुपुत्र (3)
22. अंदाजन, अंदाज से, अनकरीब (4)


**ऊपर से नीचे**

1. यह श्रीगणेश का एक नाम है, विनायक (4)
2. गिरोह का मुखिया, दलनायक (4)
3. आनंद, भोगलिप्सा, मनोरंजन (2)
4. आदान प्रदान, परस्परता, महाजनी (4)
5. एक पात्रीय भूमिका वाली विश्व की एकमात्र भारतीय फिल्म (1964)(2)
7. अंगूठे से तीसरी उंगली उपकनिष्ठिका (4)
10. वसाहीन, रूखा, शुष्क (4)
13. अधर, रदपट, ओंठ, होंठ (2)
14. किसी को हानि पहुचाऐं बिना उस जैसा बनने की भावा (उर्दू)(2)
15. नया आया हुआ, आंगतुक, नई भर्ती (4)
17. प्रेमपात्र, प्रियतक, प्रिय (3)
18. पुरानी फिल्मों के दिवंगत हास्य-अभिनेता (निधन 4 सितंबर 2000) (3)
20. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)

### वर्ग पहेली 5676 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | | भा | र | त | |
| गे | सू | | रा | ई | | त | |
| ड | | ह | ज | म | | वा | दा |
| | द | मा | | हा | थ | र | स |
| | | म | हा | वी | र | | कै |
| अ | सि | | द | र | | क | पि |
| | फ | र | सा | | आ | ह | ट |
| सू | र | त | | | | ना | ल |

रास्ता खोजो...



Reliance
AUTHORISED DEALER
Konark
Enterprises Pvt. Ltd.
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath




# हाइपोथायरायडिज्म में भी घट सकता है वजन, फॉलो करें ये टिप्स

थायरॉइड की समस्या से जूझ रही महिलाओं के लिए वजन कम करना किसी चुनौती से कम नहीं होता।
हाइपोथायरॉइडिज्म होने पर मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे वजन तेजी से बढ़ने लगता है। लेकिन घबराइए नहीं, क्योंकि सही डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव से थायरॉइड के बावजूद वजन कम किया जा सकता है। हम आपको थायरॉइड में वजन घटाने के 5 वैज्ञानिक तरीके बताएंगे जो वाकई में काम करते हैं। ये कोई क्रैश डाइट या मुश्किल एक्सरसाइज रूटीन नहीं, बल्कि छोटे-छोटे बदलाव हैं जिन्हें आप आसानी से अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। इनमें से कुछ टिप्स तो आपकी रसोई में पहले से मौजूद चीजों से जुड़े हैं! सबसे अच्छी बात यह है कि ये तरीके न सिर्फ वजन घटाने में मदद करेंगे, बल्कि आपके थायरॉइड लेवल को भी संतुलित रखेंगे। तो आइए जानते हैं वो 5 गोल्डन टिप्स जो आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बना देंगे।

### ये चीजें जरूर खाएं

थायरॉइड में वजन घटाने के लिए सबसे पहले डाइट पर ध्यान देना जरूरी है। सेलेनियम और जिंक से भरपूर चीजें जैसे ब्राजील नट्स, अंडे और दालें थायरॉइड फंक्शन को इम्प्रूव करती हैं। नारियल तेल का इस्तेमाल करें क्योंकि इसमें मौजूद MCT फैट मेटाबॉलिज्म को 12% तक बढ़ा सकता है।

### ग्लूटेन फ्री डाइट क्यों है जरूरी?

रिसर्च बताती है कि थायरॉइड पेशेंट्स को ग्लूटेन से परहेज करना चाहिए। गेहूं, जौ और राई की जगह बाजरा, कुट्टू और अमरन्थ का आटा इस्तेमाल करें। ये न सिर्फ वजन कम करने में मदद करेंगे बल्कि थायरॉइड एंटीबॉडीज को भी कम करेंगे।

### ये 3 वर्कआउट देंगे बेस्ट रिजल्ट

थायरॉइड में हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (HIIT) और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सबसे अच्छे विकल्प हैं। हफ्ते में 3 बार 30 मिनट की वॉक जरूर करें। योगासनों में सर्वांगासन और मत्स्यासन थायरॉइड ग्लैंड को एक्टिवेट करते हैं।

### स्ट्रेस मैनेजमेंट वजन घटाने की कुंजी

तनाव थायरॉइड हार्मोन को और असंतुलित कर देता है। रोज 10 मिनट की डीप ब्रीदिंग और मेडिटेशन करें। अश्वगंधा और ब्राह्मी जैसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल को कम करने में मदद करती हैं।

### नींद है सबसे जरूरी

रात की खराब नींद थायरॉइड पेशेंट्स के वजन को बढ़ा देती है। हर रात 7-8 घंटे की नींद जरूर लें। सोने से 1 घंटे पहले मोबाइल का इस्तेमाल बंद कर दें और गर्म दूध में दालचीनी मिलाकर पिएं। थायरॉइड की दवा खाली पेट लेनी चाहिए और उसके 1 घंटे बाद तक कुछ न खाएं।





# शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है हीमोग्लोबिन

**शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है, इसकी कमी शरीर को तोड़कर रख सकती है, इसकी कमी पूरी करने के लिए आपको आयरन वाली चीजें खानी चाहिए।**

अगर आपको हमेशा थकान, कमजोरी या सिरदर्द जैसी समस्या रहती है, तो इसका मतलब है कि आपके खून में हीमोग्लोबिन की कमी हो गई है। हीमोग्लोबिन क्या है? यह एक प्रोटीन है जो रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है। ब्लड सेल्स का काम शरीर के चारों ओर ऑक्सीजन ले जाने का काम करती हैं।
हीमोग्लोबिन कम होने से क्या होता है? हीमोग्लोबिन का लेवल कम होने से शरीर का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। इसका लेवल कम होना संकेत है कि आप खून की कमी से जूझ रहे हैं या लिवर या किडनी की किसी बीमारी से पीड़ित हैं। हीमोग्लोबिन की कमी से होने से आपको थकान-कमजोरी, पीलिया या लगातार सिरदर्द होना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

### हीमोग्लोबिन कैसे बढ़ाएं?

हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए आपको आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।
आयरन हीमोग्लोबिन के उत्पादन बढ़ाने के अलावा रेड ब्लड सेल्स को बनाने में भी मदद करता है। हीमोग्लोबिन की नॉर्मल रेंज पुरुषों के लिए 13.2 से 16.6 ग्राम प्रति डेसीलीटर है जबकि महिलाओं के लिए 11.6 से 15 ग्राम प्रति डेसीलीटर है।

### हीमोग्लोबिन कम होने के कारण और लक्षण

हीमोग्लोबिन कम होने के कई कारण हो सकते हैं जिनमें मुख्यत: खाने में आयरन और विटामिन बी-12 की कमी, खून का कैंसर, किडनी या लिवर की बीमारी, थाइरोइड, थैलासीमिया और फेफड़ों से जुड़ी कोई बीमारी आदि शामिल हैं। ऐसा होने पर आपको नीचे बताए लक्षण महसूस हो सकते हैं-

- दिल की धड़कन बढ़ना
- त्वचा का पीला होना और मसूड़ों में खून आना
- हमेशा थकान और कमजोरी महसूस होना
- मांसपेशियों में कमजोरी
- हमेशा थकान के साथ सिरदर्द रहना
- सांस में कमी

### विटामिन-सी से भरपूर खाद्य पदार्थ

एक अध्ययन के अनुसार शरीर आयरन को पूरी तरह से अवशोषित नहीं कर पाता है यही वजह है कि इसे अवशोषित करने के लिए आपको विटामिन सी की जरूरत होती है। आपको अपने खाने में संतरे, नींबू, शिमला मिर्च, टमाटर, अंगूर, जामुन आदि विटामिन-सी से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए।

### चुकंदर

चुकंदर आयरन, मैग्नीशियम, कॉपर, फॉस्फोरस और विटामिन बी1, बी2, बी6, बी12 और सी से भरपूर होता है। यह चमत्कारिक सब्जी हीमोग्लोबिन काउंट बढ़ाने और रेड ब्लड सेल्स को बनाने का काम करती है। इसका आप सब्जी, सलाद या जूस के रूप में सेवन कर सकते हैं।

### सहजन

एक स्टडी के मुताबिक सहजन की पत्तियां जिंक, आयरन, कॉपर, मैग्नीशियम, विटामिन ए, बी और सी जैसे मिनरल्स से भरी होती हैं। यह सभी तत्व आयरन, हीमोग्लोबिन और रेड ब्लड सेल्स के लिए जरूरी हैं। ऐसा माना जाता है कि इन पत्तियों को गुड़ के साथ लेने से आपको ज्यादा फायदा मिल सकता है। इसके अलावा आप डॉक्टर की सलाह पर इसका रस पी सकते हैं या इसकी फली की सब्जी बना सकते हैं।

### हरे पत्ते वाली सब्जियां

हरी सब्जियां जैसे पालक, सरसों का साग, अजवाइन और ब्रोकली आयरन का बढ़िया स्रोत हैं। पालक को पकाकर खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि कच्ची पत्तियों में ऑक्सालिक एसिड होता है जो शरीर में आयरन के अवशोषण को रोक सकता है। इनमें मौजूद विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और अन्य पोषक हीमोग्लोबिन बढ़ाने का काम करते हैं।

### खजूर और कद्दू के बीज


खजूर आयरन का बढ़िया स्रोत है, जो खून में हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाता है। हालांकि डायबिटीज के रोगियों को ज्यादा खजूर खाने से बचना चाहिए। इधर कद्दू के बीज भी कैल्शियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज और आयरन का बेहतर स्रोत हैं।

### ब्रोकोली

गोभी परिवार की यह सब्जी आयरन और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन फोलिक एसिड का बढ़िया स्रोत है और इसमें मैग्नीशियम, विटामिन ए और सी जैसे अन्य जरूरी पोषक तत्व भी पाए जाते हैं।
आयरन और हीमोग्लोबिन काउंट बढ़ाने के लिए आप इसे उबालकर या सलाद के रूप में या सब्जी बनाकर खा सकते हैं।

### अनार


अनार प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के साथ-साथ कैल्शियम और आयरन दोनों का एक शानदार स्रोत है।
हीमोग्लोबिन बढ़ाने के अलावा इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व सेहत को दुरुस्त बनाए रखते हैं। आयरन और हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाने लिए रोजाना अनार का जूस पिएं।



# खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है ये उपकरण

**अगर आपको भी खर्राटे लेने की समस्या है तो आपके लिए एक खुशखबरी है। माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चुंबक की मदद से एक ऐसा उपकरण बनाया है जो खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है। दो चंबुकों के खींचने की क्षमता की मदद से हवा की नली को रात में सोने के दौरान खुला रखकर खर्राटों की समस्या को ठीक किया जा सकता है।**


इस समस्या से दुनियाभर में लाखों लोग जूझ रहे हैं। इस बीमारी के कारण रात को सोते वक्त हवा की नली संकरी हो जाती है और सांस लेने में अवरोध पैदा होता है। इसके लक्षणों में खर्राटे लेना और मुंह से अजीब आवाजें निकालना भी शामिल है। यह बीमारी 40 साल की उम्र से ऊपर के पुरुषों में ज्यादा होती है। मोटापा, शराब की लत और धूम्रपान इसके जोखिम कारक हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। मैग्नेटिक एपनोइया प्रीवेंशन (मैगनैप) उपकरण में उस तरह के चुंबक का इस्तेमाल होता है जो कंप्यूटर हार्ड ड्राइव और साइकिल के डायनेमो में पाए जाते हैं। यह उपकरण सांस की नली को खुला रखने में मदद करता है। चुंबक में एक क्षरण-प्रूफ टाइटेनियम कोटिंग है और यह दावा किया जाता है कि इन्हें एक बार प्रतिरोपित करने के बाद सालों तक सुरक्षित रूप से शरीर में छोड़ा जा सकता है। इस उपकरण का आकार पचास पैसे के सिक्के के जितना है और इसे सर्जरी के द्वारा गले के हायोड बोन में फिट किया जा सकता है। यह हड्डी जीभ के ठीक नीचे गले में होती है। इस चुंबक को फिट करने की सर्जरी को करने में एक घंटे का समय लगेगा। सर्जरी के चार हफ्ते के बाद एक और चुंबक गले में लगाया जाएगा। यह दूसरा चुंबक पहले से गले में लगाए गए चुंबक को आकर्षित करेगा जिससे एक हल्का खिंचाव तैयार होगा और हवा की नली खुल जाएगी। मरीज के गले और हवा की नली के आकार के अनुसार विभिन्न आकार के चुंबकों का प्रयोग किया जा सकेगा। अब तक माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में छह लोगों के गले में इस उपकरण को प्रतिरोपित किया गया है। उनकी निगरानी की जा रही है ताकि इस उपकरण की उपयोगिता का पता लगाया जा सके।



# दिल की बीमारियों को भी दूर रखने में मदद करता है मैथीदाने का नियमित सेवन

**मैथीदाने का प्रयोग आप खाने के स्वाद को बढ़ाने में करते हैं, लेकिन इसके सेहत और सौंदर्य लाभ आपको हैरत में डाल देंगे। आइए जानते हैं इनके अनमोल गुण।**

- मैथीदाने का चूर्ण प्रतिदिन खाने से आपका वजन नियंत्रित रहता है और वसा की मात्रा धीरे-धीरे कम हो जाती है। इस तरह से आप अपना वजन भी कम कर सकते हैं।
- मैथीदाने का नियमित सेवन दिल की बीमारियों को भी दूर रखने में भी मदद करता है। यह दिल का दौरा पड़ने की आशंका को बेहद कम कर देता है और आप अपने हृदय को रख सकते हैं बिलकुल स्वस्थ।
- मधुमेह के मरीजों के लिए मैथीदाना बहुत फायदेमंद होता है। इसको रोज रात में भिगोकर रखने के बाद रोज सुबह चबाकर खाने से और इसके पानी के सेवन से लाभ मिलता है।
- बालों की खूबसूरती के लिए भी मैथीदाना फायदेमंद है। इसका पेस्ट बनाकर बालों में लगाने से बालों से रूखापन गायब होता है, साथ ही बाल मजबूत बनते हैं।
- चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में भी यह मैथीदाना कुछ कम गुणवान नहीं है। इसे पीसकर चेहरे पर लगाने से त्वचा में चमक के साथ कसाव आता है। इसके अलावा रूखी त्वचा वालों के लिए यह बहुत लाभप्रद है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करता है।



# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से हो सकते हैं मानसिक दिव्यांगता का शिकार

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से ऑटिज्म जैसी मानसिक दिव्यांगता विकसित हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत तीन संस्थानों के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। ऑटिज्म के मरीज न तो अपनी बात ठीक से कह पाता है ना ही दूसरों की बात समझ पाता है और न उनसे संवाद स्थापित कर सकता है। यदि इन लक्षणों को समय रहते भांप लिया जाए, तो काबू पाया जा सकता है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के धीमे मानसिक व शारीरिक विकास से जुड़ी इस बीमारी के लक्षण बचपन में ही दिखने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कोलेस्ट्रॉल और ऑटिज्म के संबंध के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑटिज्म के सबटाइप वाली एक बीमारी उन्हीं अनुवांशिक तत्वों से होती है जो शरीर में कोलेस्ट्रोल मेटाबोलिज्म और मस्तिष्क विकास को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नमूनों के डीएनए अध्ययन से पाया कि लिपिड डायफंक्शन और ऑटिज्म के बीच साझा आणुविक जड़ें होती हैं। फिर वैज्ञानिकों ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन करके इस बात की पुष्टि की। लिपिड जीवित कोशिकाओं में एक महत्वपूर्ण अवयव होता है जो एल्कोहल में घुलनशील है। अध्ययनकर्ता इसहाक कोहेन का कहना है कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि यह बहुत जटिल बीमारी है और इसके विभिन्न प्रकार अलग-अलग कारणों से उत्पन्न होते हैं।





# बाढ़-बारिश ने फिर बरपाया कहर

**● देहरादून में बादल फटा,मंदिर, दुकानों-घरों में मलबा घुसा ● टौंस नदी में ट्रैक्टर बहने से 8 लोगों की चली गई जान**

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटा। इससे तमसा, कारलीगाड़, टौंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास के इलाके तपोवन, आईटी पार्क, घंगौरा, घड़ी कैंट इलाकों में पानी भर गया। कई सड़कें बह गईं। तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पानी भर गया। यहां मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। सहस्त्रधारा में 5 लोगों को बचाया गया। विकास नगर में टौंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया। इस दौरान मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत और 4 के लापता होने की खबर है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। टपकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी ने बताया, सुबह 5 बजे नदी में बाढ़ आई, पूरा मंदिर डूब गया, कई




मूर्तियां बह गईं। हालांकि, गर्भगृह सुरक्षित है। पानी उतरने पर मंदिर में 2 फीट मलबा दिखा। हिमाचल के मंडी के धर्मपुर बस स्टैंड में भी रात में हुई बारिश के बाद मलबा भर गया। बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं। राज्य में 3 नेशनल हाईवे बंद हैं। 493 सड़कों पर आवाजाही ठप है। मंडी के ही निहरी में लैंडस्लाइड के कारण 3 की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पास की एक चट्टान का मलबा एक घर पर गिर गया, जिससे वह ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए। सोमवार को भारी बारिश ने महाराष्ट्र के मुंबई में रेलवे ट्रैक, सब-वे और सड़कों पर पानी भर गया। बीड में 11 ग्रामीणों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया।

लखनऊ के कैसरबाग इलाके में एक भारी पेड़ गिर गया है। 10 से ज्यादा लोगों के दब गए हैं। मौके पर नगर निगम की टीम रवाना पहुंच गई है। करीब 100 पुलिसकर्मियों के साथ फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची है। घायलों को पेड़ की डालें काट-काटकर बाहर निकाला जा रहा है। पेड़ पीपल का था। बताया जा रहा है कि करीब 150 पुराना पेड़ था।

## पैसों के बदले हिंदुओं की जमीन कर दी ट्रांसफर

**● असम की अधिकारी अरेस्ट,कैश और सोना भी जब्त**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम पुलिस ने सोमवार को असम सिविल सेवा (एसीएस) की एक अधिकारी नुपुर बोरा को आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री स्पेशल विजिलेंस सेल की एक टीम ने गुवाहाटी में उनके आवास पर छापेमारी की, जहां से 90 लाख रुपये नकद और 1 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण जब्त किए गए। इसके अलावा, एक अन्य टीम ने बारपेटा में उनके किराए के मकान पर भी छापा मारा। नुपुर बोरा गोलाघाट की निवासी हैं और 2019 में असम सिविल सेवा में शामिल हुई थीं।

वह वर्तमान में कामरूप जिले के गोरोइमारी में सर्कल अधिकारी के पद पर तैनात थीं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि पिछले छह महीनों से उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी, क्योंकि उनके खिलाफ भूमि से संबंधित विवादास्पद मामलों में संलिप्तता की शिकायतें मिली थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह अधिकारी बारपेटा राजस्व सर्कल में तैनात रहने के दौरान हिंदू भूमि को संदिग्ध व्यक्तियों को ट्रांसफर करने में शामिल थीं, जिसके बदले में उन्होंने पैसे लिए।

## अगस्त में बल्ले-बल्ले बढ़ा भारत का निर्यात

**● व्यापार घाटा भी हुआ कम,ट्रंप टैरिफ की निकलने लगी हवा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद, अगस्त में भारत का निर्यात बढ़ा है। भारतीय निर्यात ने लगातार दूसरे महीने बढ़त दर्ज की है। इतना ही नहीं, भारत का व्यापार घाटा भी कम हुआ है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में भारत का व्यापार घाटा घटकर 26.49 अरब डॉलर रह गया, जो जुलाई में आठ महीने के उच्च स्तर 27.35 अरब डॉलर पर था। ब्लूमबर्ग के सर्वे में अर्थशास्त्रियों ने अगस्त के लिए 24.8 अरब डॉलर के घाटे का अनुमान जताया था। अगस्त में भारत का आयात सालाना आधार पर 10.1 फीसदी घटकर 61.59 अरब डॉलर पर आ गया, जबकि निर्यात 6.7 फीसदी बढ़कर 35.1 अरब डॉलर हो गया।

### यूरोप पर फोकस, आत्मनिर्भरता पर जोर

नई दिल्ली समानांतर रूप से नए बाजार तलाशने और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर भी तेजी दिखा रहा है। अगला दौर 6 से 10 अक्टूबर के बीच प्रस्तावित है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत कुछ खास भौगोलिक क्षेत्रों पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहा है ताकि सप्लाई चेन बाधाओं का असर कम हो। उन्होंने बताया कि सरकार ने लगभग 100 ऐसे उत्पाद चिन्हित किए हैं जिनका घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आयात पर निर्भरता घटाई जा सकती है।

**चुनाव से पहले नीतिश सरकार का बड़ा दांव**

## अब 12वीं पास करने वाले छात्रों की दी विशेष सौगात

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास करने वाले छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इससे पहले, सामान्य वर्ग के पुरुष आवेदकों को चार प्रतिशत और महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर आवेदकों को एक प्रतिशत की ब्याज दर पर चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण प्रदान किया जाता था। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अब, सभी आवेदकों के लिए ऋण ब्याज मुक्त होगा। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना दो अक्टूबर, 2016 से लागू है। कुमार ने कहा कि दो लाख रुपये तक के ऋण को 60 मासिक किश्तों में चुकाने के प्रावधान को अब 84 मासिक किश्तों तक बढ़ा दिया गया है।

## 16 हजार विदेशियों को भारत से निकालने की तैयारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के तहत करीब 16,000 विदेशी नागरिकों को भारत से निर्वासित करने की तैयारी कर ली है। ये सभी विदेशी नागरिक फिलहाल विभिन्न राज्यों की हिरासत में हैं या डिटेंशन केंद्रों में बंद हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की रिपोर्टों पर आधारित है, जिसका उद्देश्य देश में सक्रिय ड्रग नेटवर्क को तोड़ना और 'ड्रग-फ्री इंडिया' अभियान को मजबूत बनाना है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश, फिलीपींस, म्यांमार, मलेशिया, घाना और नाइजीरिया जैसे देशों के नागरिक इस सूची में शामिल हैं। इन लोगों पर मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन और संबंधित अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर आरोप हैं। यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की उस रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है, जिसमें इन विदेशी नागरिकों की संलिप्तता उजागर की गई थी। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि संगठित नेटवर्क के जरिए भारत को ड्रग्स का एक बड़ा ट्रांजिट हब बनाने की कोशिश की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि विदेशी नागरिकों की पूरी सूची गृह मंत्रालय और संबंधित एजेंसियों को सौंप दी गई है।

## पथुम निस्सांका का Asia Cup 2025 में लगातार दूसरा अर्धशतक

नई दिल्ली, एजेंसी। श्रीलंका के पथुम निस्सांका ने मौजूदा पुरुष टी20 एशिया कप 2025 में लगातार दूसरे अर्धशतक (68 रन) के बाद 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हांगकांग के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ ही निसांका ने कुसल मेंडिस और कुसल परेरा जैसे बड़ी श्रीलंकाई खिलाड़ियों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 50 से ज्यादा रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। निसांका ने छोटे



अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और पिछले 5 मैचों में अपना तीसरा और मौजूदा एशिया कप में दूसरा अर्धशतक जड़ा। 27 वर्षीय निसांका ने अपने 4 साल से कम के करियर में ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 50 प्लस रन बनाने का रिकॉर्ड बना लिया है। निस्सांका ने अभी तक कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक नहीं लगाया है। निस्सांका ने श्रीलंका के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17 बार पचास से ज्यादा रन बनाए हैं, जो इस प्रारूप में श्रीलंका के अनुभवी खिलाड़ी कुसल मेंडिस और कुसल परेरा से एक ज्यादा है।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 50 से ज्यादा रन

| |
|---|
| पथुम निस्सांका - 17 |
| कुसल मेंडिस - 16 |
| कुसल परेरा - 16 ( 15 अर्धशतक, 1 शतक ) |
| टीएम दिलशान - 14 ( 13 अर्धशतक, 1 शतक ) |
| महेला जयवर्धने - 10 ( 9 अर्धशतक, 1 शतक ) |

बाबर आजम और विराट कोहली के नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 39 अर्धशतक हैं। निस्सांका ने डेविड मलाना, क्विंटन डी कॉक और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों की बराबरी की और क्रिस गेल और सिकंदर रजा जैसे अन्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। निसांका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले सिर्फ छह बल्लेबाजों में से एक हैं और सोमवार को उन्होंने हैरी ब्रुक को पीछे छोड़ दिया और अब वह जो रूट, बेन डकेट और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों से पीछे हैं।

**आईसीसी रैंकिंग में मची खलबली**

## स्टार भारतीय खिलाड़ी ने फिर हासिल किया नंबर-1 का ताज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था द्बष्ट्ट यानी इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ताजा रैंकिंग का ऐलान कर दिया है। आईसीसी वूमेन्स बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने कमाल कर दिया है। स्मृति मंधाना ने 1 पायदान की छलांग लगाते हुए एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वर्ल्ड कप का आगाज से महज दो हफ्ते पहले मंधाना इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर नंबर-1 ओडीआई बल्लेबाज बन गई हैं।

स्मृति मंधाना को न्यू चंडीगढ़ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओडीआई सीरीज के पहले मैच में 58 रन की दमदार पारी का आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ। इस पारी की बदौलत उन्हें 7 रेटिंग पॉइंट्स मिले और वह इंग्लैंड की कप्तान से चार पॉइंट आगे निकल गईं। भारत की स्टार बल्लेबाज के अब 735 रेटिंग पॉइंट हो गए हैं। मंधाना ने जून-जुलाई 2025 में




भी नंबर-1 पर कब्जा जमाया था। इससे पहले 2019 में भी वह नंबर-1 महिला ओडीआई बल्लेबाज रह चुकी हैं।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की रैंकिंग में सुधार

मंधाना के अलावा भारत की प्रतिका रावल चार स्थान ऊपर चढ़कर 42वें नंबर पर पहुंची हैं, जबकि हरलीन देओल पांच पायदान की छलांग लगाकर 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टॉप-10 ओडीआई बल्लेबाजों की रैंकिंग में मंधाना एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। ओडीआई सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। बेथ मूनी तीन स्थान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंची। एन्नाबेल सदरलैंड और फोएबे लिचफील्ड ने अर्धशतक जमाकर 25वें स्थान पर संयुक्त रूप से जगह बनाई।

**स्नेह राणा ने लगाई 5 स्थान की छलांग**-ओडीआई गेंदबाजों की रैंकिंग में भी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। तेज गेंदबाज किम गार्थ एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गईं। स्पिनर अलाना किंग पांचवें नंबर पर पहुंच गईं हैं। भारत की ऑफ स्पिनर स्नेह राणा भी पांच स्थान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन अभी भी नंबर-1 गेंदबाज बनी हुई हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। एन्नाबेल सदरलैंड छठे और एलिस पेरी 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## ED ने युवराज सिंह को भेजा समन, 23 सितंबर को पेश होने के लिए कहा, रॉबिन उथप्पा से भी होगी पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ियों युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा और अभिनेता सोनू सूद को पूछताछ के लिए तलब किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के हवाले से मंगलवार 16 सितंबर को यह जानकारी दी।

**युवराज को 23 और उथप्पा को 22 सिंतबर को बुलाया:** अधिकारियों ने कहा कि विश्व कप विजेता क्रिकेटरों युवराज सिंह (43 साल) और रॉबिन उथप्पा (39 साल) तथा सोनू सूद (52 साल) को '1एक्सबेट' नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अगले सप्ताह उनके बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि रॉबिन उथप्पा को 22 सितंबर को बयान दर्ज कराने को कहा गया है। युवराज सिंह को 23 सितंबर, जबकि सोनू सूद को 24 सितंबर को बुलाया गया है।

**रैना और धवन से भी केंद्रीय जांच एजेंसी कर चुकी है पूछताछ3** केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में सोमवार को पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा इस मामले में अपने निर्धारित समन पर मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश हुए, जबकि 1एक्सबेट की भारत की ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को तय तिथि पर अब तक पेश नहीं हुई।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई के स्टार ट्रिपल एच ने किया बड़ा ऐलान, अब इस शो में करेंगे डेब्यू, फैंस हो गए खुश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के चीफ कंटेंट ऑफिसर और दिग्गज रेसलर ट्रिपल एच के फैसलों का डब्ल्यूडब्ल्यूई पर हमेशा से प्रभाव रहा है। उन्होंने हाल ही में दो बड़ी घोषणाएं की हैं, जिनमें से एक ने फैंस को निराश किया और दूसरी ने उत्सुकता बढ़ा दी है। फैंस के बीच तरह-तरह के रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि ये घोषणाएं क्या हैं।

**सऊदी अरब में होगा डब्ल्यूडब्ल्यूई का सबसे बड़ा इवेंट**-ट्रिपल एच ने घोषणा की कि रेसलमेनिया 43 रियाद, सऊदी अरब में होगा। इस खबर से कई फैंस निराश हैं क्योंकि वे चाहते थे कि यह प्रतिष्ठित शो अमेरिका में ही हो या किसी यूरोपीय देश को पहली बार इसकी मेजबानी का मौका मिले।

## ऑपरेशन व्हाइट बॉल के बाद ICC के सामने भी पाकिस्तान क्लीन बोल्ड, मांग खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ एशिया कप 2025 में करारी शिकस्त झेलने के बाद पाकिस्तान की एक बार फिर किरकिरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एशिया कप 2025 से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मांग को



आधिकारिक तौर पर खारिज कर दिया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, आईसीसी के संचालन या कानूनी विभाग की ओर से भेजे गए पत्र से स्पष्ट हो गया है कि रविवार को दुबई में भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हुए हाथ न मिलाने के विवाद में मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट की कोई भूमिका नहीं थी।

# कामनाओं को पूरा करने में समर्थ हैं कुबेर



महाराज वैश्रवण कुबेर की उपासना से संबंधित मंत्र, यंत्र, ध्यान एवं उपासना आदि की सारी प्रक्रियाएं श्रीविद्यार्णव, मन्त्रमहार्णव, मन्त्रमहोदधि, श्रीतत्वनिधि तथा विष्णुधर्मोत्तरादि पुराणों में निर्दिष्ट हैं। तदनुसार इनके अष्टाक्षर, षोडशाक्षर तथा पंचत्रिंशदक्षरात्मक छोटे-बड़े अनेक मंत्र प्राप्त होते हैं। मंत्रों के अलग-अलग ध्यान भी निर्दिष्ट हैं। इनके एक मुख्य ध्यान-श्लोक में इन्हें मनुष्यों के द्वारा पालकी पर अथवा श्रेष्ठ पुष्पक विमान पर विराजित दिखाया गया है। इनका वर्ण गारुडमणि या गरुणरत्न के समान दीप्तिमान पीतवर्णयुक्त बताया गया है और समस्त निधियां इनके साथ मूर्तिमान होकर इनके पार्श्वभाग में निर्दिष्ट हैं। ये किरीट-मुकुटादि आभूषणों से विभूषित हैं। इनके एक हाथ में श्रेष्ठ गदा तथा दूसरे हाथ में धन प्रदान करने की वरमुद्रा सुशोभित है। ये उन्नत उदरयुक्त स्थूल शरीर वाले हैं। ऐसे भगवान शिव के परम सुहृद भगवान कुबेर का ध्यान करना चाहिए-

## कुबेर का ध्यान यह मंत्र पढ़कर लगाएं-

मनुजवाहम्विमानवरस्थितं गरुडरत्ननिभं निधिनायकम्।
शिवसखं मुकुटादिविभूषितं वरगदे दधतं भज तुन्दिलम्।।

मंत्र महार्णव तथा मंत्र महोदधि आदि में निर्दिष्ट महाराज कुबेर के कुछ मंत्र इस प्रकार हैं-

1. अष्टाक्षरमंत्र- ओम वैश्रवणाय स्वाहा।
2. षोडशाक्षरमंत्र- ओम श्री ओम ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं क्लीं वित्तेश्वराय नमः।
3. पंचत्रिंशदक्षरमंत्र- ओम यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनधान्याधिपतये धनधान्यसमृद्धिं मे देहि दापय स्वाहा।

इसी प्रकार वहां बालरक्षाकर मंत्र-यंत्र भी निर्दिष्ट हैं, जिसमें 'अया ते अग्ने समिधा' आदि का प्रयोग होता है। यह मंत्र बालकों के दीर्घायुष्य, आरोग्य, नैरुज्यादि के लिए बहुत उपयोगी है। इस प्रकार बालकों के आरोग्य लाभ के लिए भी भगवान कुबेर की उपासना विशेष फलवती होती है। प्रायरू सभी यज्ञ-यागादि, पूजा-उत्सवों तथा दस दिक्पालों के पूजन में उत्तर दिशा के अधिपति के रूप में कुबेर की विधिपूर्वक पूजा होती है। यज्ञ-यागादि तथा विशेष पूजा आदि के अंत में षोडशोपचार पूजन के अनन्तर आर्तिक्य और पुष्पांजलि का विधान होता है। पुष्पांजलि में तथा राजा के अभिषेक के अंत में 'ओम राजाधिराजाय प्रसह्य साहिने' इस मंत्र का विशेष पाठ होता है, जो महाराज कुबेर की ही प्रार्थना का मंत्र है। महाराज कुबेर राजाओं के भी अधिपति हैं, धनों के स्वामी हैं, अतः सभी कामना फल की वृष्टि करने में वैश्रवण कुबेर ही समर्थ हैं।

व्रतकल्पद्रुम आदि व्रत ग्रंथों में कुबेर के उपासक के लिए फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी से वर्ष भर प्रतिमास शुक्ल त्रयोदशी को कुबेर व्रत करने के अनेक विधान निर्दिष्ट हैं।

इससे उपासक धनाढ्य तथा सुख-समृद्धि से संपन्न हो जाता है और परिवार में आरोग्य प्राप्त होता है। सारांश में कहा जा सकता है कि कुबेर की उपासना ध्यान से मनुष्य का दुःख दारिद्रय दूर होता है और अनन्त ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। शिव के अभिन्न मित्र होने से कुबेर के भक्त की सभी आपत्तियों से रक्षा होती है और उनकी कृपा से साधक में आध्यात्मिक ज्ञान-वैराग्य आदि के साथ उदारता, सौम्यता, शांति तथा तृप्ति आदि सात्विक गुण भी स्वाभाविक रूप से संनिविष्ट हो जाते हैं।

# घर में पॉजिटिव एनर्जी लाए बांसुरी

घर में सुख-समृद्धि बनाए रखने के लिए लोग कई प्रकार के उपाय करते हैं इन उपायों को अपनाने से घर से नेगेटिव ऊर्जा दूर होती है और पॉजिटिव एनर्जी आती है। ऐसा ही एक सटीक परंपरागत उपाय है घर में बांसुरी रखना। ऐसा माना जाता है कि जिस घर में बांसुरी रखी होती है वहां के लोगों में परस्पर प्रेम तो बना ही रहता है, साथ ही श्रीकृष्ण की कृपा से सभी दुख और पैसों की तंगी भी दूर हो जाती है।



शास्त्रों के अनुसार, बांसुरी भगवान श्रीकृष्ण को अतिप्रिय है। वह इसे हमेशा अपने पास रखते हैं। इसी वजह से इसे बहुत ही पवित्र और पूजनीय माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि बांसुरी से निकलने वाला स्वर प्रेम बरसाने वाला है। इसी वजह से जिस घर में बांसुरी रखी होती है वहां प्रेम और धन की कोई कमी नहीं रहती है।

सामान्यतः घर में बांस की हुई बांसुरी ही रखनी चाहिए। वास्तु के अनुसार, इस बांसुरी से घर के वातावरण में मौजूद समस्त नेगेटिव एनर्जी समाप्त हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा सक्रिय हो जाती है। परिवार के सदस्यों के विचार सकारात्मक होते हैं, जिससे उन्हें सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होती है।

# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** मेष राशि वालों के लिए आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी बहसबाजी होने की संभावना है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। आपको अपने कर्जो को भी उतारने के बारे में सोचना होगा। आपको सेहत संबंधित यदि कोई समस्या हो, तो आप उसे नजरअंदाज बिल्कुल ना करें। कोई पुराना लेनदेन पूरा हो सकता है।




**वृषभ** वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। आप अपने घर के रेनोवेशन के बारे में सोच विचारकर सकते हैं। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप अपने बिजनेस को लेकर कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, तो पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपने करियर में अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं, जिन्हें आपको पहचाना होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपनी संतान से किए हुए वादे को आसानी से पूरा कर सकेंगे।




**कर्क** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से काम को लेकर सलाह लेनी होगी। आपको अपने मित्रों का पूरा साथ मिलेगा। यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप अपने संस्कारों व परंपराओं पर पूरा ध्यान देंगे और रहन-सहन के स्तर में भी सुधार लाएंगे।




**सिंह** सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको किसी समस्या को छोटा नहीं समझना है और अपने कामों में ढील बिल्कुल न दें। आप अपने कामों को लेकर यदि लापरवाही दिखाएंगे, तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना बेहतर रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आपको संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। आप विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करनी होगी। आप अपनी आवश्यकताओं को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे और जीवनसाथी प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका कोई लेनदेन चुकता होगा।




**तुला** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। जीवनसाथी से किए हुए वादे को आपको समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है। परिवार में किसी नए-मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।




**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर होने वाला है। आप अपने कामों पर ध्यान देंगे। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजर अंदाज कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको मनमुताबिक काम मिल सकता है। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे और आपने यदि किसी नए काम की शुरुआत की थी, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी। माताजी से आपकी अच्छी बनेगी।




**धनु** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपको किसी पैतृक संपति की प्राप्ति हो सकती हैं। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा, लेकिन फिर भी आप मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन आपको किसी सरकारी काम को लेकर समस्या खड़ी हो सकती है, जो आपकी किसी से सलाह लेकर ही समाप्त होगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।




**मकर** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को पूरा करने में समस्या आएगी और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील अटक सकती है, लेकिन आप अपने धन का लेनदेन थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें और कार्यक्षेत्र में किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपको कुछ ईर्षालु व झगड़ालू लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके विरोधी भी आपको परेशान करने मे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।




**कुंभ** आज का दिन आपके लिए टेंशनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में पारिवारिक समस्याओं को लेकर टेंशन भरपूर रहेगी। जीवनसाथी से आप अपने पारिवारिक बिजनेस को लेकर बातचीत कर सकते हैं। बड़े सदस्यों की राय आपके खूब काम आएगी। आपको किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले को भी मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर ही करें और किसी को धन उधार देने से बचें, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं।





**मीन** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपका कोई बिजनेस पार्टनर आपको धोखा दे सकता है, इसलिए आपको अपनी आंख व कान खुले रखने होंगे। आपका पूजा पाठ में खूब मन लगेगा। माताजी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपने स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान देना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के प्रेम में डूबे नजर आएंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

T.S.Chandwani
SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034


Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259

LIVE IN LAP OF LUXURY

RAMDEVI TOWER
MAHARERA- P51700076849
1BHK & 2BHK & COMMERCIAL SHOPS AVAILABLE
Contact:
7770003478
7770003479
Gmail: ramdevitower2024@gmail.com
SITE ADDRESS :
B. K No- 1150,
ROOM NO. 3,4,5,6
POWAI CHOWK,
ULHASNAGAR - 421003.
DIST- THANE

प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
RNI No. 68359/93,
( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )

दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

Makhija Construction

25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555

# महाराष्ट्र के पूर्व और वर्तमान विधायकों और सांसदों पर कितने आपराधिक मामले लंबित?

## हाई कोर्ट ने मामलों की जानकारी देने का दिया निर्देश

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में राजनीतिक आंदोलन करने वाले पूर्व और वर्तमान सांसदों और विधायकों के खिलाफ निचली और सत्र न्यायालयों में कितने आपराधिक मामले लंबित हैं? बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार को उन सभी मामलों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सोमवार की सुनवाई में, अदालत ने सरकारी वकीलों द्वारा यह जानकारी उचित तरीके से प्रस्तुत न करने पर अपनी नाराजगी भी व्यक्त की।

दरअसल राज्य में विधायकों और सांसदों के खिलाफ कितने मामले लंबित हैं? उस मामले की वर्तमान स्थिति क्या है? संबंधित मामलों के लिए कितने वकील नियुक्त किए गए हैं? मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति निजामुद्दीन जमादार की पीठ ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई में ऐसी सभी विस्तृत जानकारी विस्तार से प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। इस सुनवाई में, अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या जनप्रतिनिधियों से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए राज्य में नामित सभी अदालतें काम कर रही हैं? राज्य सरकार की ओर से मुख्य लोक अभियोजक मानकुवर देशमुख ने सहमति जताते हुए अदालत को बताया कि महाराष्ट्र, गोवा और केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली में लंबित मामलों की जानकारी चार सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाएगी। इन मामलों के लिए नियुक्त लोक अभियोजकों की संख्या की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इस पर अदालत ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की ओर से अदालत रजिस्ट्री को संबंधित मामलों के आंकड़े मांगने की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, नियुक्त लोक अभियोजकों द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के आधार पर इसे एकत्र किया जाना चाहिए। सरकार को शिकायतकर्ताओं के नाम, आरोप और संबंधित मामलों को वापस लेने संबंधी अध्यादेश का विवरण अदालत की मंजूरी मिलने के बाद प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

### क्या है याचिका?

देश में पूर्व और वर्तमान सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों की वर्तमान स्थिति क्या है? और सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर के उच्च न्यायालयों को इन मामलों का शीघ्र निपटारा करने का आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को इसके लिए विशेष अदालतें स्थापित करने के आदेश भी जारी किए हैं। तदनुसार, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए एक याचिका दायर की है। सोमवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति निज़ामुद्दीन जमादार की पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई।

# अंग प्रत्यारोपण के इलाज के लिए अब 5 लाख से अधिक की राशि मिलेगी-सीएम फडणवीस



मुंबई (नि.स.)। बढ़ती पुरानी बीमारियों और इलाज की बढ़ती लागत से जूझ रहे महाराष्ट्र के नागरिकों के लिए एक अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के तहत 2,399 नए उपचारों को मंजूरी दी गई। साथ ही 5 लाख रुपये से अधिक के अंग प्रत्यारोपण उपचारों के लिए एक कोष बनाने को भी मंजूरी दी गई। इसमें हृदय प्रत्यारोपण, फेफड़े प्रत्यारोपण, गुर्दा प्रत्यारोपण, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण सहित 9 विभिन्न उपचारों की सिफारिश की गई। इस संयुक्त योजना के कार्यान्वयन के नीतिगत पहलुओं पर निर्णय लेने के लिए गठित राज्य स्वास्थ्य गारंटी सोसायटी की नियामक परिषद की बैठक मुख्यमंत्री के सरकारी आवास वर्षा में हुई। इस दौरान ये निर्णय लिए गए।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, महात्मा फुले और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों की तालुकावार मैपिंग की जानी चाहिए। यदि संबंधित तालुका में 30 बिस्तरों वाला अस्पताल नहीं है, तो ऐसे स्थानों पर उपलब्ध अस्पतालों को योजना का लाभ प्रदान करके शुल्क भुगतान के लिए एक अलग प्रणाली बनाई जानी चाहिए। साथ ही, ऐसे तालुकाओं में 30 बिस्तरों वाले अस्पताल शुरू करने के लिए निजी अस्पतालों को आमंत्रित किया जाना चाहिए और सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में आरोग्य मित्रों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

### चैटबॉट के ज़रिए दी जाएगी योजना की जानकारी

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, जन आरोग्य योजना में शामिल अस्पतालों को समय पर भुगतान किया जाना चाहिए। ताकि वे अस्पताल मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान कर सकें। साथ ही, इस योजना के तहत उपचार, अस्पतालों और लाभों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ऐप बनाया जाना चाहिए। चैटबॉट के माध्यम से सभी जानकारी प्राप्त करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने पिछले छह महीनों में अपने काम में बहुत तेज़ गति से सुधार करके एक बेहतरीन काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि योजना का क्रियान्वयन और अधिक तेज़ी और पारदर्शिता से किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में राज्य देश में शीर्ष तीन में शुमार हो।

### कैंसर के इलाज के लिए सरकार लाएगी नीति

जैसे-जैसे कैंसर के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, इसके इलाज का खर्च भी लोगों की पहुँच से बाहर होता जा रहा है। इसलिए, आम मरीजों को राहत देने के लिए, महाराष्ट्र सरकार अब कैंसर के इलाज के लिए एक नीति लाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया कि चिकित्सा शिक्षा और औषधि विभाग राज्य के लोगों को व्यापक कैंसर सेवाएँ प्रदान करने के लिए एक नीति तैयार करे। राज्य। नागपुर में संत तुकड़ोजी महाराज कैंसर अस्पताल भवन का अधूरा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। इसके लिए आवश्यक धनराशि की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि श्री साईं संस्थान की ओर से शिरडी के साईंनगर में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के निर्माण के बारे में साईं संस्थान को सूचित किया जाएगा।

# महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के किराए की घोषणा

मुंबई (नि.स.)। मुंबई और महाराष्ट्र में सेवा देने वाले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के किराए की घोषणा कर दी गई है। महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र बाइक-टैक्सी नियम 2025 के तहत ये किराए तय किए हैं। सरकार ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह फैसला लिया है। इसलिए यह किराया निर्धारण तुरंत प्रभाव से लागू होगा। बैठक में लिए गए फैसले के मुताबिक इलेक्ट्रिक दोपहिया टैक्सियों के लिए यात्री किराया 10.27 रुपये प्रति किलोमीटर लिया जाएगा। इसके अलावा पहला चरण 1.5 किलोमीटर का होगा। शुरुआती किराया 15 रुपये अनिवार्य होगा। यानी यात्रा कितनी भी छोटी क्यों न हो, न्यूनतम 15 रुपये लिए जाएंगे और उसके बाद यह दर 10.27 रुपये प्रति किलोमीटर लागू होगी।

राज्य परिवहन प्राधिकरण ने तीन प्रमुख कंपनियों मेसर्स उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स रैपिडो ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स एनी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को अस्थायी 'मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए प्रोविजनल लाइसेंस' प्रदान किया है। इस लाइसेंस की वैधता 30 दिनों की है, जिसके बाद अंतिम लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कंपनियों को अगला लाइसेंस अस्थायी लाइसेंस की सभी शर्तों को स्वीकार करने के बाद ही दिया जाएगा। इस निर्णय से यात्रियों को सस्ती, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा की सुविधा मिलेगी। इलेक्ट्रिक दोपहिया टैक्सियों के माध्यम से यातायात पर दबाव कम होगा। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विश्वास व्यक्त किया है कि इससे प्रदूषण पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। यह सेवा लोगों की सुविधा के लिए शुरू की जा रही है। सरकार ने भी अब इसे मंजूरी दे दी है। इसलिए, राज्य के लोगों को इसका सीधा लाभ होगा।

# नवरात्रि, दशहरा और दिवाली तक हो सकती है बारिश- मौसम विभाग

मुंबई (नि.स.)। रविवार रात से हो रही बारिश ने एक बार फिर मुंबई समेत राज्य में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। जगह-जगह भारी बारिश हो रही है और ऐसा लग रहा है कि यह स्थिति कुछ और दिनों तक जारी रहेगी। आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को भी बादल छाए हुए रहे और जगह-जगह फिर से बारिश होने लगी है। दरअसल गणपति विसर्जन के कुछ दिनों बाद से बारिश शुरू हो गई थी और माहौल भी गर्म होने लगा था। हालाँकि, अब पूरे राज्य में बारिश फिर से तेज होने लगी है और मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी समेत महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके अलावा, मौसम विभाग द्वारा किए गए पूर्वानुमान से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

दरअसल, बंगाल की खाड़ी के साथ अरब सागर में एक कम दबाव का क्षेत्र बना है, इसलिए राज्य में फिर से बारिश तेज शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि इस साल नवरात्रि, दशहरा और दिवाली तक बारिश हो सकती है। इससे नागरिक डरे हुए हैं और अगर त्योहार के दौरान बारिश जारी रही, तो सब कुछ अस्त-व्यस्त हो सकता है। इस बीच, मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग समेत सभी जिलों के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है। कुछ इलाकों के लिए येलो अलर्ट और कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की चेतावनी के चलते नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। नागरिकों से यह भी कहा गया है कि बहुत जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें।

# मुंबई मेट्रो-3 की समय सारिणी 15 सितंबर से बदली

मुंबई (नि.स.)। मुंबई मेट्रो-3 की एक्वा लाइन ने संशोधित सेवा समय सारिणी की घोषणा की है। सोमवार से यात्रियों के लिए नई समय सारिणी लागू कर दी गई है। मेट्रो प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि दोनों टर्मिनल स्टेशनों, आरे जेवीएलआर और आचार्य अत्रे चौक से पहली ट्रेनें सुबह 5.55 बजे रवाना होंगी। पहले ये मेट्रो सुबह 6.30 बजे रवाना होती थीं। इसके साथ ही, आखिरी मेट्रो रात 10.30 बजे रवाना होगी। मुंबई में कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज़-आरे लाइन का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए यह निर्णय लिया गया है।

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसीएल) ने रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर मेट्रो-3 सेवाओं को पहले शुरू करने का फैसला किया है। इसके कारण, यात्री अब सुबह 6.30 बजे के बजाय 5.55 बजे से अपनी यात्रा शुरू कर सकेंगे। गणेश उत्सव के दौरान, गणपति दर्शन के लिए आने-जाने वाले भक्तों की संख्या बड़ी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मेट्रो 3 की रात्रि सेवा का समय डेढ़ घंटे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। बाद में 7 सितंबर से मेट्रो सेवा नियमित समयानुसार सुबह 6.30 बजे से रात 10.30 बजे तक चल रही थी। इस समय-सारिणी में अब बदलाव किया गया है।

# नागपुर व दिल्ली को जोड़ने वाला ठाणे जिले का औद्योगिक-व्यावसायिक केंद्र बनेगा 'आमने नोड'




भिवंडी (नि.सं.)। मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग पर पहला इंटरचेंज भिवंडी तालुका के आमने गांव में है। इस आमने नोड को मुंबई के बीकेसी और नोएडा की तरह विकसित किया जाएगा. यह भविष्य के औद्योगिक क्षेत्र के रूप में उभरेगा. मुंबई के पास होने के कारण ठाणे जिले के एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र के रूप में इस क्षेत्र का महत्व बढ़ रहा है।

मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग का पहला टोल नाका आमने क्षेत्र में है। इस महामार्ग से नागपुर 8 घंटे में, दिल्ली 12 घंटे में और जेएनपीटी अलीबाग 2 घंटे में पहुंचा जा सकेगा। इसके लिए आमने में इंटरचेंज बनाया गया है, जिससे वाहनों की गति कम किए बिना लेन बदला जा सकेगा। इसी कारण सरकार ने इस क्षेत्र को 'आमने नोड' के नाम से एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, ताकि भविष्य में मुंबई और आसपास के उद्योग यहां स्थापित हो सकें और मुंबई के औद्योगिक उत्पादों को भी कम समय में दिल्ली, नागपुर और जेएनपीटी बंदरगाह तक पहुंचाया जा सके। समृद्धि महामार्ग पर कई जगहों पर ऐसे औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, लेकिन मुंबई के पास होने के कारण आमने नोड को अधिक महत्व मिलेगा। इस मार्ग से जेएनपीटी से अहमदाबाद जाने वाले मार्ग के लिए एक नया विकल्प भी मिल गया है। साथ ही, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों को आमने नोड से जोड़ा जाएगा, जिससे जिले के औद्योगिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

समृद्धि महामार्ग के किनारे भिवंडी तालुका के गांवों के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल को विशेष नियोजन प्राधिकरण के रूप में नियुक्त किया गया है। यह महामंडल भिवंडी के कुछ अन्य गांवों में संतुलित और सुनियोजित विकास करेगा। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है, जिसके तहत अधिसूचित क्षेत्र में भिवंडी तालुका के 32 और कल्याण तालुका के 14 सहित कुल 46 गांव शामिल हैं। आमने नोड 10,791 हेक्टेयर का क्षेत्र है, जहां इंडस्ट्रियल पार्क, लॉजिस्टिक हब, फूड प्रोसेसिंग पार्क और अत्याधुनिक स्टेडियम जैसी विकास परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इससे क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

स्वतंत्रता के बाद से देश और राज्य में आर्थिक विकास और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई औद्योगिक केंद्र स्थापित किए गए। इसी तरह ठाणे जिले के भिवंडी में भी लाखों की संख्या में पावरलूम और उनसे जुड़े डाइंग-साइजिंग इकाइयां स्थापित हुईं. प्लास्टिक से मोती बनाने वाली सैकड़ों फैक्ट्रियां भी लगीं। गोदामों के नाम पर गोदामों में रसायनों का भंडारण भी होने लगा। पिछले 75 वर्षों में भिवंडी की आबादी बढ़ी है। शहर के रहने लायक इलाकों के लिए कोई योजना न होने के कारण शहर का विस्तार तो हुआ, लेकिन लोगों के जीवन के लिए खतरनाक उद्योग उनके घरों के पास आ गए। यदि ऐसे सभी औद्योगिक कारखानों को इस नए औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाता है तो भिवंडी के नागरिकों को साफ हवा में सांस लेने का मौका मिलेगा। ठाणे जिले के कई अन्य हिस्सों में भी यही स्थिति है, जहां रासायनिक विस्फोट, रिसाव और कंपनियों में आग लगने जैसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, जिससे नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ जाता है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि ऐसे खतरनाक उद्योगों को शहर से बाहर ले जाना बेहद जरूरी है।

# शादी का झांसा देकर 2 पीड़ित महिलाओं के साथ बलात्कार

नवी मुंबई (नि.सं.)। शादी का झांसा देकर बलात्कार के साथ मारपीट किये जाने के 2 और नये मामले नवी मुंबई से सामने आए है. इस संबंध में उलवे पुलिस और तुर्भे एमआईडीसी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु कर दी है. पुलिस के अनुसार एक मामले में पीड़िता को कई बार गर्भवती कर उसका गर्भपात भी कराया गया है. फिलहाल पुलिस द्वारा जांच जारी है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किए जाने की जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस के मुताबिक एक मामले की पीड़िता की पहचान वर्ष 2017 में उलवे के रहने वाले कैलाश कांबले से हुई थी. धीरे-धीरे दोनों की पहचान गहरी हो गई इसके बाद दोस्ती प्रेम प्रसंग में बदल गई. इस दौरान आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर अनेको बार जबर्दस्ती शारीरिक संबंध स्थापित किये. इस दौरान जब पीड़िता गर्भवती हुई तो कई बार आरोपी ने उसका गर्भपात करवाया. एक बार फिर पीड़िता 2022 में पुन: गर्भवती हुई. लेकिन आरोपी उसके साथ अत्याचार और मारपीट करता रहा. जिससे परेशान होकर आखिरकार उसने पुलिस में उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

### मोहित बनकर मोईन अली करता रहा बलात्कार

बलात्कार के दूसरे मामले में मुंबई की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि चेंबुर मुंबई में रहने वाले मोहित उर्फ मोईन अली खान ने उसे वर्ष 2018 में अपना नाम बदलकर दोस्ती की और फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया. पीड़िता के अनुसार आरोपी ने नवीमुंबई के एक लॉज में लेकर जाकर उससे कई बार बलात्कार किया. इस मामले में तुर्भे एमआईडीसी पुलिस ने आरोपी मोईन अली खान के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# महाराष्ट्र के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने दिया अचानक इस्तीफा



मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अचानक इस्तीफा दे दिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कैबिनेट बैठक में अपने सहयोगियों को सूचित किया कि बीरेंद्र सराफ ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए महाधिवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा जानकारी दिए जाने तक, कई लोगों को राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ के इस्तीफे के बारे में पता नहीं था। बीरेंद्र सराफ पर उच्च और सर्वोच्च न्यायालयों में पक्षों का प्रतिनिधित्व करने और महाराष्ट्र सरकार को कानूनी सलाह देने की मुख्य जिम्मेदारी थी। इस बीच मुख्यमंत्री के अनुरोध का सम्मान करते हुए, बीरेंद्र सराफ ने आगे की व्यवस्था करने के लिए समय पाने हेतु 31 जनवरी, 2026 तक महाधिवक्ता पद की जिम्मेदारी संभालने की तत्परता दिखाई है।

आपको बता दें कि मराठा समुदाय के लिए हैदराबाद राजपत्र लागू करने के फैसले में सराफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बीरेंद्र सराफ ने अपने कार्यकाल के दौरान कई बड़े और विवादास्पद मामलों को सफलतापूर्वक संभाला है। सराफ ने लॉकडाउन के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के घर के खिलाफ मुंबई महानगरपालिका द्वारा की गई कार्रवाई के मामले में उच्च न्यायालय में कंगना का प्रतिनिधित्व किया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने कंगना के पक्ष में फैसला सुनाया और मनपा को कंगना को 2 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। डॉ. बीरेंद्र सराफ देश के एक प्रमुख कानूनी सलाहकार हैं। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में काम किया है। वे 2022 से राज्य के महाधिवक्ता हैं। उनकी नियुक्ति तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में हुई थी। तब से वे राज्य के महाधिवक्ता हैं।


# लापता नौसेना अधिकारी का शव माथेरान के जंगल में मिला

## हत्या या आत्महत्या, गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

मुंबई (नि.स.)। मुंबई के कोलाबा स्थित डॉकयार्ड में कार्यरत नौसेना अधिकारी सूरज सिंह चौहान 7 सितंबर को अचानक लापता हो गए। जब पुलिस टीम सूरज की तलाश कर रही थी, तभी उन्हें जंगल में एक शव मिला। शुरुआत में पुलिस के मन में सवाल था कि यह शव किसका है। लेकिन अब सच्चाई सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार सूरज सिंह चौहान 29 मई को कोलाबा स्थित डॉकयार्ड में तैनात हुए थे। वह 7 सितंबर से रहस्यमय तरीके से गायब हो गए थे।

सूरज 7 सितंबर की तड़के घर से निकले थे। कुछ देर बाद जब उनका फोन बंद आता रहा, तो नौसेना अधिकारियों ने कफ परेड पुलिस स्टेशन में सूरज के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की। यह आखिरी लोकेशन रायगढ़ जिले के कर्जत तालुका के भिवपुरी रोड स्टेशन इलाके में थी। सूरज की तलाश के लिए पुलिस की एक टीम वहां पहुंची। पुलिस को जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने कहा है कि यह शव सूरज सिंह चौहान का है। अब पुलिस के सामने बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस को यह पता लगाना होगा कि सूरज ने आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई।

# अनाज से भरा ट्रक पुल से गिरा, चालक की मौत



नवी मुंबई (नि.सं.)। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. ज्वारी अनाज से भरा एक ट्रक पनवेल सेक्टर 6 के पास नेवाली जाने वाले पुल से नीचे गिर गया. इस भीषण हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

खांदेश्वर पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ जब ट्रक वाशी की दिशा में जा रहा था. पुल के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरा. हादसा इस भयंकर था कि ट्रक के दो पहिए ऊपर पुल पर ही फंस गए, जबकि पूरा वाहन नीचे जा गिरा.पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय सड़क पर ट्रैफिक कम था, जिसके चलते अन्य लोग घायल नहीं हुए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था. घायल व्यक्ति को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।


## कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद

नवीन प्रशासकीय ईमारत, म.गांधी चौक रोड़, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व), कुळगांव,
पिन -४२१५०३, ता. अंबरनाथ, जि.ठाणे.
ईमेल:-coud.kulgaonbadalapur@maharashtra.gov.in ,
वेबसाईट:- kbmc.gov.in

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

बेटी बचाओ बेटी पढाओ

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

जा.क्र.: कुबनप / सावां / १०५७ / २०२५-२६ दिनांक:- १६/०९/२०२५

### जाहिर ई-निविदा सुचना क्र. ५२/२०२५-२६

कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद, जि.ठाणे यांजकडून कुबनप हद्दीतील पूर्व विभागातील ठाणेकर पॅलासियो फेज-१ ते साई पॅरडाईज पर्यंत या गृह प्रकल्पांच्या समोरील भागात नविन गटार व्यवस्था करणे या कामासाठी महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून टक्केवारी दराच्या ई-निविदा मागविण्यात येत आहे.

सदर ई निविदा संच विक्री व स्विकृतीचा कालावधी दि. १७/०९/२०२५ ते दि. २४/०९/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत असून दि. / /२०२५ रोजी दुपारी १२.०० वा. निविदा पुर्वक बैठक नगरपरिषद कार्यालयात आयोजित केलेली आहे. तसेच सदर निविदा शक्य झाल्यास दि. २५/०९/२०२५ रोजी दुपारी ४.०० नंतर उघडण्यात येतील.

निविदेबाबतचा सविस्तर तपशील नगरपरिषदेच्या http://kbmc.gov.in तसेच शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर व नगरपरिषदेच्या सुचना फलकावर उपलब्ध करण्यात आलेला आहे.

सही/-
(मारूती गायकवाड़)
मुख्याधिकारी
कुळगांव बदलापुर नगरपरिषद, कुळगांव



## सूचना

पर्यावरणीय मंजुरीद्वारे सूचना देण्यात येत आहे की, सर्वेक्षण क्रमांक 36, हिस्सा क्रमांक 23/3 आणि 24, गाव-आदिवली ढोकळी, तालुका-अंबरनाथ, जिल्हा-ठाणे, महाराष्ट्र येथील भूखंडावर दुकाने असलेल्या निवासी विकासाच्या प्रस्तावित विस्तारासाठी मेसर्स केजीआय रियल्टी प्रायव्हेट लिमिटेड यांना पत्र क्रमांक-EC25B038MH161104 (SIA/MH/INFRA2/419120/2023) दिनांक 11/09/2025 द्वारे पर्यावरणीय मंजुरी देण्यात आली आहे आणि मंजुरी पत्राची प्रत https://parivesh.nic.in/ वर उपलब्ध आहे.